राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की में हिंदी पखवाड़ा-2025 का आयोजन

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान में, सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 14 सितंबर, 2025 से 29 सितंबर, 2025 तक 'हिंदी पखवाड़ा' का आयोजन किया गया । इस अवधि के दौरान हिंदी सुलेख, काव्य-पाठ, वाद-विवाद, हिंदी टंकण, राजभाषा प्रश्नोत्तरी (क्विज), नोटिंग/ड्राफ्टिंग एवं सामान्य हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसके अतिरिक्त संस्थान की वार्षिक हिंदी पत्रिका 'प्रवाहिनी' में सर्वश्रेष्ठ लेखों को भी प्रकाशित किया गया । हिंदी पखवाड़ा का मुख्य समारोह 14 अक्टूबर, 2025 को आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि प्रो. आर. प्रदीप कुमार, निदेशक, सी.एस.आई.आर. सी.बी.आर.आई., रुड़की (उत्तराखंड) थे । इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. वाई. आर. एस. राव ने अपने संबोधन में हिंदी के प्रचार-प्रसार को सरल एवं सहज भाषा में बढ़ावा देने का आग्रह किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि दवारा उक्त प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। इसके साथ-साथ 'सरकारी कामकाज (टिप्पण/आलेखन) मूल रूप से हिंदी में करने' संबंधी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 09 पदाधिकरियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए । संस्थान के तकनीकी प्रकोष्ठ तथा क्षेत्रीय केंद्र जम्मू को वर्ष 2024–25 के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 'राजभाषा चल शील्ड' प्रदान की गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि दवारा संस्थान की वार्षिक हिंदी पत्रिका "प्रवाहिनी" का विमोचन भी किया गया ।

हिंदी पखवाड़े के मुख्य समारोह का आयोजन

हिंदी पखवाड़े के मुख्य समारोह के दौरान वंदेमातरम का गायन

हिंदी पखवाड़े के मुख्य समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण

हिंदी पखवाड़े के दौरान राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदी पखवाड़े के दौरान राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदी पखवाड़े के दौरान टंकण प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदी पाखवाड़े के दौरान काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदी पखवाड़े के दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदी पखवाड़े के दौरान श्रुतलेख-सह-सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की में दिनांक 24 दिसंबर, 2025 को "सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रगामी प्रयोग" विषय पर एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में संस्थान के 21 पदाधिकारियों ने प्रतिभागिता की । कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. ए.आर. सैंथिल कुमार ने सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे अपने सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें । कार्यशाला में अतिथि वक्ता के रूप में श्री पूरन चंद्र विश्वकर्मा, पूर्व संयुक्त निदेशक, संचार मंत्रालय, भारत सरकार ने राजभाषा हिंदी के भिन्न-भिन्न पहलुओं एवं प्रावनों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया जिसका सभी प्रतिभागियों ने पूर्ण लाभ उठाया ।

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रगामी प्रयोग के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकों का आयोजन

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की में दिनांक 30 सितंबर, 2025 तथा 31 दिसंबर, 2025 को डॉ. वाई.आर.एस.राव, निदेशक राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान की अध्यक्षता में संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की क्रमश: 95वीं तथा 96वीं त्रैमासिक बैठकों का आयोजन किया गया । इन बैठकों में संस्थान के विभिन्न प्रभागों के प्रभागाध्यक्षों तथा अनुभागों के प्रभारी अधिकारियों ने प्रतिभाग किया । इन बैठकों में विगत बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा के साथ-साथ विगत बैठकों के पश्चात किए गए हिंदी कार्यों पर चर्चा की गई तथा क्रमश: दिसंबर-2025 एवं मार्च-2026 तिमाहियों के दौरान किए जाने वाले हिंदी कार्यों के लक्ष्य निर्धारित किए गए ।